# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

visit us: www.prsu.ac.in E-Mail : rsuexam@gmail.com


क्र. 11123 /परीक्षा/शोध/2024 रायपुर, दिनांक 06/11/2024

## // अधिसूचना //

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर में आयोजित होने वाले निम्नलिखित विषयों के पीएच.डी. (Ph.D) प्रवेश परीक्षाओं हेतु सत्र 2024–25 के लिए समय–सारणी (Time Table) घोषित की जा रही हैं। जिसमें परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु **समय–सारणी** विश्वविद्यालय के वेबसाइट **www.prsu.ac.in** में उपलब्ध हैं, जहाँ से अवलोकन एवं प्रिन्ट किया जा सकता हैं। तदनुक्रम में पीएच.डी प्रवेश परीक्षा की तिथि पॉलीवार निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैः–

| तिथि एवं दिन | समय | विषय |
|---|---|---|
| 23/11/2024 शनिवार | **प्रथम पॉली** प्रातः 11.00 बजे से 12.00 बजे तक | अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, विधि, संस्कृत, हिन्दी, भाषाविज्ञान, भूगोल, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास, प्राचीन भारतीय इतिहास, शिक्षा |
| | **द्वितीय पॉली** दोपहर 02.00 बजे से 03.00 बजे तक | रक्षा अध्ययन, मैनेजमेंट, वाणिज्य, भूविज्ञान, फार्मेसी, ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस, मानवविज्ञान, बॉयोटेक्नालॉजी, वनस्पति–शास्त्र, रसायन, गृह विज्ञान, भौतिकी, बॉयोसाइंस, बॉयोकेमेस्ट्री, माईक्रो–बॉयोलॉजी, प्राणीशास्त्र, इलेक्ट्रानिक्स, गणित, क्षेत्रीय अध्ययन, |

पीएच.डी प्रवेश परीक्षा 2024–25 हेतु पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर में स्थित **कला भवन** को **परीक्षा केन्द्र** घोषित किया जाता है।

टीप–

1. प्रवेश परीक्षा के आवेदक परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र संबंधित अध्ययनशाला से प्राप्त कर सकेंगे।
2. विभागीय शोध समिति, समस्त शोध निर्देशकों के अधीन शोधार्थियों के प्रवेश के समय छत्तीसगढ़ शासन के आरक्षण नियम का पालन सुनिश्चित करें। आरक्षित वर्ग की सीट अन्य वर्ग से किसी भी स्थिति में नहीं भरा जाये।
3. प्रवेश परीक्षा में सफल घोषित होने पर शोध कार्य हेतु पंजीयन के लिये विश्वविद्यालय की बाध्यता नहीं होगी। यह शोध निर्देशक के अधीन सीट रिक्त होने तथा आवेदक द्वारा शोध निर्देशक की सहमति प्राप्त करने पर निर्भर होगा।
4. प्रवेश परीक्षा Online Mode से संचालित होगी। प्रवेश परीक्षा में 50 बहुवैकल्पिक प्रश्न (25 प्रश्न रिसर्च मैथडोलाजी से तथा 25 प्रश्न विषय से संबंधित होंगे)।
5. सत्र 2024–25 पीएच.डी. (Ph.D) प्रवेश परीक्षाओं हेतु केन्द्राध्यक्ष की नियुक्ति पृथक से जारी की जाएगी।

आदेशानुसार

6/11/24

कुलसचिव

क्रमशः..02

# // अभ्यर्थियों के लिए निर्देश //

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं के संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु **दिनांक 23.11.2024, दिन–शनिवार** से प्रारंभ होने वाली पीएच.डी. (Ph.D) प्रवेश सत्र 2024–25 परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए निम्नलिखित निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

1. अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने के 01 घंटे पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा।
2. अभ्यर्थियों को कम से कम 03 घंटे के बैटरी बैकअप और अच्छी इंटरनेट सुविधा के साथ अपना केवल एंड्रॉइड आधारित स्मार्टफोन या टैबलेट अथवा केवल विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम वाला लैपटॉप पूरी तरह चार्ज कर के लाना होगा। ऑनलाइन परीक्षा के लिए केवल अपडेटेड गूगल क्रोम ब्राउजर का ही प्रयोग करें। कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स परीक्षा हॉल के अंदर लाने की अनुमति नहीं होगी । (दिए गए तकनीकी विशिष्टताओं के अभाव में, परीक्षा संबंधी कठिनाईयों के लिए उम्मीदवार स्वयं जिम्मेदार होंगे।)
3. विश्वविद्यालय परिसर में वाई– फाई सुविधा उपलब्ध है, अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान इस सुविधा का उपयोग कर सकते हैं।
4. अभ्यर्थियों को परीक्षा आरंभ होने के 15 मिनट के बाद परीक्षा कक्ष/हॉल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. किसी भी अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा कक्ष/हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. परीक्षा पूरी होने पर कृपया निरीक्षक के निर्देशों की प्रतीक्षा करें और जब तक निर्देश न दी जाए तब तक अपनी सीट से न उठें।
7. प्रवेश पत्र अनंतिम है, सूचना बुलेटिन में दी गई पात्रता शर्तो को पूरा करने के अधीन है।
8. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे एक दिन पहले परीक्षा स्थल के स्थान को सत्यापित कर लें, ताकि परीक्षा के दिन उन्हें किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।
9. अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र एवं वैध पहचान पत्र के साथ ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति होगी।
10. किसी प्रश्न में उत्तर का चयन न करने पर कोई अंक नहीं दिया जाएगा और गलत विकल्प का चयन करने पर कोई अंक नहीं काटे जाएंगे।
11. अभ्यर्थियों को परीक्षा में अनुचित साधन का उपयोग करना वर्जित है। किसी भी अभ्यर्थियों द्वारा अनुचित साधन अपनाये जाने पर विश्वविद्यालय को अनुशासनात्मक कार्यवाही/परीक्षा से वंचित किए जाने का अधिकार होगा।
12. अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए निर्धारित 01 घंटे की अवधि में 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों को पूरा करना होगा।

पृ. क्र 11124 /परीक्षा/शोध/2024 रायपुर, दिनांक 06/11/2024

प्रतिलिपि :–

1. अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला, परीक्षा–केन्द्र, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. प्राचार्य, समस्त महाविद्यालय एवं समस्त शोध केन्द्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
3. सहायक कुलसचिव, गोपनीय विभाग, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को सूचनार्थ।
4. प्रभारी, आई.क्यू.ए.सी. (IQAC), पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को सूचनार्थ।
5. प्रभारी,जनसंपर्क अधिकारी, ग्रंथालय, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को सूचनार्थ।
6. प्रभारी,कम्प्यूटर सेंटर,पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर को विश्वविद्यालय वेबसाइट में उक्त अधिसूचना को अपलोड किए जाने हेतु।
7. संचालक, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित, 320AD इंदिरा नगर,स्पीकर हाउस के सामने,कांके रोड,रांची–झारखंड,पिन नं.834008 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
8. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को सूचनार्थ।
9. विश्वविद्यालय यांत्रिकी विभाग,पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर को अपने समस्त कर्मचारियों को परीक्षा दिवस को समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करने हेतु।

उप कुलसचिव (परीक्षा)